कुशिवन्दर वोहरा
अध्यक्ष
तथा पदेन सचिव, भारत सरकार

KUSHVINDER VOHRA
CHAIRMAN
& *ex-officio* Secretary
to the Government of India

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग
Government of India
Ministry of Jal Shakti
Deptt. of Water Resources,
River Development and Ganga Rejuvenation
Central Water Commission

दिनांकः 13.09.2024

# अपील

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी, हमारे देश की विविधता में एकता का प्रतीक है। यह न केवल हमारी भाषा है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर की भी महत्वपूर्ण कड़ी है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान परंपरा और हमारी राष्ट्रीय अस्मिता को यह भावात्मक रूप से जोड़ती है। भारत जैसे विशाल देश की सामासिक-संस्कृति को पूर्ण अभिव्यक्ति प्रदान करती है। भारत की आजादी के पश्चात 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिली थी। हिंदी की लोकप्रियता, वैज्ञानिकता, व्यापकता और बोधगम्यता को ध्यान में रखते हुए ही इसे राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है।

सूचना प्रोद्योगिकी के मौजूदा दौर में हम हिंदी के विभिन्न ई-टूल्स जैसे यूनिकोड, हिंदी की-बोर्ड, ई-महाशब्दकोश और कंठस्थ आदि का प्रयोग करके हिंदी में अत्यंत सरलता से सरकारी कार्य का निष्पादन कर सकते हैं। केन्द्रीय जल आयोग हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु एक उचित वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में आयोग के हिंदी अनुभाग द्वारा इस वर्ष विभागीय आतंरिक शब्दकोश (अंग्रेजी-हिंदी) का अद्यतित अंक तैयार किया गया है, जिसे सर्वसुलभ बनाने के लिए आयोग की वेबसाईट पर भी अलग से अपलोड किया गया है। इसके साथ-साथ, आयोग में अधिकांश कार्यालयीन काम-काज हिंदी में ही किया जा रहा है, जो गर्व का विषय है।

केन्द्रीय जल आयोग में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 सितम्बर को "हिंदी दिवस" और 14 से 30 सितम्बर तक "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि यह न केवल आपका उत्साह वर्धन करेंगी अपितु आपको राजभाषा हिंदी में सरकारी काम-काज करने के लिए भी प्रेरित करेंगी, इसलिए हिंदी पखवाड़ा में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसके आयोजन को सफल बनाएं।

इस विशेष अवसर पर, हम सभी मिलकर हिंदी भाषा के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को और भी मजबूत करें और इसे आगे बढ़ाने के लिए हर संभव कदम उठाएं।

"जय हिंद ।
जय हिंदी ।।"

(कुशिवन्दर वोहरा)

द्वितीय तल (द), सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
दूरभाष : 011-26715351, 26195415
फैक्स : 011-26108614

2nd Floor (S), Sewa Bhawan
R.K. Puram, New Delhi-110066
Tel. : 011-26715351, 26195415
Fax : 011-26108614
E-mail : chairman-cwc@nic.in

जल संरक्षण - जीवन संरक्षण
Conserve Water - Save Life